दिनांक 19 दिसंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मेयर के पहल से सतनाम भवन के अधूरे कार्य होंगे पूर्ण

- वार्ड क्रमांक 29 में महापौर देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन
- समाज के कार्यक्रम में पारंपरिक पंथी नृत्य में हुए शामिल

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 बापुनगर क्षेत्र में संत श्री शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है! आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव कार्यक्रम में पहुंचे! उन्होंने सतनाम भवन के अधूरे कार्य को पूर्ण करने निर्माण कार्य का भूमि पूजन समाजिक जनों के साथ मिलकर किया! 10 लाख की लागत से सतनाम भवन का रिनोवेशन कार्य किया जाएगा, बाउंड्री वॉल निर्माण किया जाएगा, सीढ़ी बनाई जाएगी! इससे भवन की सुंदरता और रौनकता पहले से और बढ़ जाएगी! सबसे पहले महापौर ने संत गुरु घासीदास बाबा के चरणों में शीश झुका कर उन्हें प्रणाम किया और भिलाई की जनता की सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की! इसके बाद पूरे विधि विधान से भूमि पूजन किया! महापौर श्री यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि मैं हमेशा हर साल यहां बाबा के दर्शन करने आता हूं! बाबा गुरु घासीदास के आशीर्वाद से शहर की जनता का सेवा करने का सौभाग्य और मौका प्राप्त हुआ है! बाबा गुरु घासीदास ने समाज को हमेशा एकता की डोर में बांधकर भेदभाव की बुराई को छोड़कर सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है! समाजिक जनों में सतनाम भवन के अधूरे कार्य को पूर्ण करने की शुरुआत होने से खुशी का माहौल दिखा!

जनसंपर्क अधिकारी